भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3171

जिसका उत्तर 21 दिसंबर, 2023 को दिया गया

राष्ट्रीय स्ट्रीट लाइटिंग कार्यक्रम

3171. श्री विजय कुमार दुबे:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय स्ट्रीट लाइटिंग कार्यक्रम (एसएलएनपी) के तहत उत्तर प्रदेश में पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को एलईडी लाइटों से बदलने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश को एसएलएनपी के तहत कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) और (ख) : स्ट्रीट लाइटिंग राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइटों से प्रतिस्थापित करने की परियोजनाएं कार्यान्वित कर रहा है। अब तक, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य में 12,90,949 ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइटों को प्रतिस्थापित/संस्थापित किया है।

(ग) : स्ट्रीट लाइटिंग राष्ट्रीय कार्यक्रम एक स्व-वित्तपोषित कार्यक्रम है, जहां शहरी स्थानीय निकाय ग्राहक और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया जाता है। भारत सरकार द्वारा एसएलएनपी के लिए कोई बजटीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है।

****